RAF SECTOR
NEWS CLIP
15/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Sonipat, (Haryana)

आर्य कन्या स्कूल में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहाना में पौधारोपण करते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान व ग्रामीण • सौजन्यः स्कूल प्रबंधन

वि, सोनीपत : आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहाना में रैपिड एक्शन फोर्स का दौरा किया। फोर्स के जवानों ने विद्यालय के साथ गांवों में भी फ्लैग मार्च निकाला। रैपिड एक्शन फोर्स के प्लाटून कमांडर बृज मोहन मीणा और मोहाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह, विद्यालय प्राचार्य प्रदीप महला ने टीम के साथ पौधारोपण किया। मीना ने कहा कि पौधारोपण करके ही वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। इसलिए बच्चों को अपने जन्मदिवस पर पौधा लगाना चाहिए। इस अवसर पर दिलबाग मलिक, जसमेर, मोनू तोमर, युद्धविंद्र महला उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Sonipat, (Haryana)

आरएएफ और पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

आइपीएस दीप्ति गर्ग के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालती आरएएफ की प्लाटून • जागरण

जागरण संवाददाता, सोनीपत: पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के मार्गदर्शन में दिल्ली की 194 वीं बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की प्लाटून जिले में पैदल मार्च कर रही है। आरएएफ के साथ में पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहकर क्षेत्र के लोगों से परिचय करा रहे हैं। शुक्रवार को सदर और मोहाना थानाक्षेत्र में मार्च निकाला गया। आरएएफ की प्लाटून 15 मई तक जिले में रहेगी। बवाना दिल्ली की आरएएफ की 194वीं बटालियन के कंपनी कमांडर बृजमोहन मीणा के नेतृत्व में शुक्रवार को सदर और मोहाना थानाक्षेत्रों में पैदल मार्च निकाला गया।

इसका उद्देश्य यहां की भौगोलिक स्थिति तथा कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल करना है जिससे आपात स्थिति के समय में टीम को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी नहीं होने के चलते परेशान न होना पड़े। शुक्रवार को पैदल मार्च के दौरान आइपीएस दीप्ति गर्ग, आरएएफ के इंस्पेक्टर धनराज सिंह, इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी मोहाना इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह, प्राचार्य प्रदीप महला, दिलबाग सिंह, नरेंद्र, युद्धवेन्द्र सिंह व सरपंच दीपक ने भाग लिया।

Rajasthan Darshan, Jaipur, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन द्वारा किया गया जम्मू कश्मीर के बच्चों का मार्ग दर्शन

राजस्थान दर्शन, आमेर। जमवारामगढ़ रोड लालवास स्थित रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन द्वारा बांदीपोरा (जम्मू कश्मीर) से आये हुए बच्चों का स्वागत एवं मार्ग दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने भारत दर्शन यात्रा कार्यक्रम के तहत जम्मू एवं कश्मीर के बांदीपोरा जिले से आये हुए 30 बच्चों व उनके साथ शिक्षक स्टॉफ एवं 3 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों का स्वागत किया। उसके उपरान्त उन्होंने बच्चों को राजस्थान के जयपुर जिले के बारे में जानकारी देते हुए उनका मार्ग दर्शन किया। इसी के क्रम में नीरज मीणा उप कमाण्डेन्ट ने आये हुए बच्चों को द्रुत कार्य बल के रोल एवं उसके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को अप्राणघातक हथियारों के बारे मे जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेन्ट के साथ राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं भारत दर्शन यात्रा पर आये हुए बच्चे, शिक्षक स्टॉफ एवं 3 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

194BN RAF FAM-EX DUTY U/PS KARKHODA & NISSING, (HARYANA)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।